इंडियन फारमर्स फर्टिलाइज़र कोआपरेटिव लिमिटेड
इफको सदन, सी–1, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, साकेत प्लेस, नई दिल्ली–110017

INDIAN FARMERS FERTILISER COOPERATIVE LTD.
IFFCO Sadan, C-1, District Centre, Saket Place, New Delhi-110017

डा.उदय शंकर अवस्थी
प्रबन्ध निदेशक

Dr. U.S. Awasthi
Managing Director

1 अप्रैल, 2011

प्रिय मित्रो,

आपको यह बताते हुए मुझे अत्यंत हर्ष व गर्व हो रहा है कि हमारी समिति ने उत्पादन, बिक्री, परिवहन, ऊर्जा खपत तथा लाभदेयता सहित सभी मोर्चों पर इस वर्ष भी सफलता की अपनी शानदार परम्परा को बनाए रखा है । समिति ने वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान अब तक का **सर्वाधिक 85.81 लाख टन उर्वरकों का उत्पादन** किया जो गत वर्ष की तुलना में 4.7 प्रतिशत अधिक है । वर्ष 2009-10 के दौरान यूरिया का उत्पादन 43.23 लाख टन था जो 2010-11 के दौरान बढ़कर 44.02 लाख टन हो गया है । मुझे आपको यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि फूलपुर-1, फूलपुर-2 तथा आंवला-2 संयंत्रों ने उत्पादन के अपने पिछले उत्पादन कीर्तिमानों को पीछे छोड़ दिया है । इसी प्रकार हमारा सबसे पुराना संयंत्र होने के बावजूद कलोल संयंत्र ने वर्ष 2010-11 में भी, लगातार दूसरी बार 6 लाख टन यूरिया का उत्पादन किया है । कांडला तथा पारादीप इकाईयों ने कुल मिलाकर 41.79 लाख टन एनपीके/डीएपी का उत्पादन किया जो गत वर्ष की इसी अवधि के दौरान 38.74 लाख टन एनपीके/डीएपी के सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के मुकाबले 7.9 प्रतिशत अधिक है।

फूलपुर-1 ने 1981 में अपनी कमिशनिंग के बाद पहली बार 7.45 लाख टन से अधिक यूरिया का उत्पादन किया है । फूलपुर-2 ने 2010-11 के दौरान **10.26** लाख टन यूरिया का उत्पादन करके गत वर्ष के 10.10 लाख टन के अपने सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के रिकार्ड को तोड़ा है। आंवला-2 ने 2010-11 के दौरान 10.43 लाख टन यूरिया का उत्पादन करके 2009-10 के अपने 10 लाख टन यूरिया के उत्पादन के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ आंकड़े को पार किया है । पारादीप इकाई ने 2010-11 के दौरान अब तक का सर्वाधिक 16.62 लाख टन एनपी/डीएपी का उत्पादन किया है । इसके अलावा, कांडला इकाई को 67000 टन फास्फोरिक एसिड भी अन्तरित किया गया ।

• फोन : कार्यालय : 42592601
42592641
42592644
• निवास : 41656750
• फैक्स : कार्यालय : 42592659
आवास कार्यालय : 41656751

• Phone : Off. : 42592601
42592641
42592644
• Res.: 41656750
• Fax : Off. : 42592659
Home Off. : 41656751
• E-mail : mdoffice@iffco.nic.in

पारादीप इकाई ने वर्ष 2010-11 के दौरान 2.3 लाख टन जिप्सम, 39000 मेगावाट बिजली तथा 2000 टन फ्लोरोसिलिसिक एसिड की भी बिक्री की । कांडला इकाई ने कच्चे माल की सीमित उपलब्धता के बावजूद 25.10 लाख टन के संशोधित लक्ष्य के मुकाबले 25.17 लाख टन एनपीके/डीएपी का उत्पादन किया । इस इकाई ने इस अवधि के दौरान 2000 टन से अधिक यूरिया फास्फेट, जो पूर्णतः पानी में घुलनशील उर्वरक है, का भी उत्पादन किया ।

इफको संयंत्रों द्वारा ऊर्जा बचत के लिए किये गये निरन्तर प्रयास से समिति ने वर्ष 2010-11 के दौरान **5.813 जी कैल प्रति मी0 टन यूरिया** की अब तक की न्यूनतम कम्पोजिट स्पेसिफिक ऊर्जा खपत हासिल की है जबकि गत वर्ष न्यूनतम स्पेसिफिक ऊर्जा खपत 5.832 जी कैल प्रति मी0 टन यूरिया की थी । वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान चहुंमुखी शानदार उपलब्धियों के लिए सभी संयंत्र बधाई के पात्र हैं ।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि विपणन प्रभाग ने भी गत वर्ष की 118.27 लाख टन की बिक्री की तुलना में वर्ष 2010-11 के दौरान **125.86 लाख टन की अब तक की सर्वाधिक बिक्री** करके बेहतर प्रदर्शन किया है । इस वर्ष के दौरान पूरे देश में विभिन्न स्थानों पर **126.5 लाख टन** से अधिक सामग्री का प्रेषण किया गया जिसमें विपणन प्रभाग द्वारा की गई लगभग 40 लाख टन से अधिक आयातित उर्वरकों की हैंडलिंग भी शामिल है । यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि उत्पादों की नई रेंज लाने के उद्देश्य से इफको ने यूरिया फास्फेट लांच किया है जिसे खरीदने में किसानों ने उत्सुकता दिखाई है ।

वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान समिति का अनन्तिम कर पूर्व लाभ **1000 करोड़ रुपये** से अधिक तथा बिक्री कारोबार लगभग **21,000 करोड़ रुपये** होने की संभावना है जो अब तक का सर्वाधिक है । पिछला सर्वश्रेष्ठ कर पूर्व लाभ 2002-03 के दौरान 807.10 करोड़ रुपये था । वित्त प्रभाग द्वारा किये गये अत्यंत कुशल वित्तीय प्रबंधन के कारण ही समिति अपनी वित्तीय लागत को कम करके वित्तीय उत्कृष्टता को प्राप्त कर सकी तथा वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान अब तक का सर्वाधिक कर-पूर्व लाभ अर्जित कर सकी।

**Dr. U.S. Awasthi**
Managing Director

IFFCO

वर्ष 2010-11 के दौरान इफको की आईटी टीम ने वॉन तथा नेटवर्क सिक्योरिटी को बढ़ाकर, सभी इकाईयों तथा विपणन कार्यालयों को शत-प्रतिशत कनैक्टिविटी उपलब्ध कराकर, मुख्यालय में एचआरएमएस का कन्सोलिडेशन करके तथा हमारे संयुक्त उद्यमों ओमइफको, आईटीजीआई,आईकेएसएल,आईकेएसईजैड और आईसीपीएल को सोल्यूशन उपलब्ध कराकर अच्छा प्रदर्शन किया है । सहकारिता को मजबूत बनाने की दिशा में किये गये हमारे प्रयासों को राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर सराहा गया है तथा इफको द्वारा आयोजित आईसीए एक्सपो के दूसरे एडिशन की सहकारी समुदाय द्वारा सराहना की गई है।

इफको **विजन -2015** के अपने सपने को साकार करने के लिए सही दिशा में चल रही है। इफको छत्तीसगढ़ पावर लिमिटेड (आईसीपीएल ) के कोयला खंड को शीघ्र ही पर्यावरण की मंजूरी मिलने की संभावना है । कलोल विस्तार परियोजना पूरी होने को है । आईकेएसईजेड़ में वाणिज्यिक गतिविधियों की प्रगति अच्छी है । कलोल तथा फूलपुर-1 में नीम कोटेड यूरिया तथा कांडला में जिंक सल्फेट का उत्पादन शीघ्र आरंभ हो जाएगा । आईकेएसएल का कार्य भी सही दिशा में चल रहा है तथा इस सयुंक्त उद्यम ने लाभ कमाना आरंभ कर दिया है । ओमइफको का कार्यनिष्पादन तथा लाभदेयता निरन्तर बढ़ रही है तथा तथा आईटीजीआई भी भलीभांति कार्य कर रही है । हमारी सहायक संस्थाएं यथा इफको फाउंडेशन, कोरडेट, तथा आईएफएफडीसी किसानों को अपनी बहुमूल्य सेवाएं प्रदान कर रही हैं । मिट्टी का कायाकल्प तथा उत्पादकता में वृद्धि पर हमारी फ्लैगशिप परियोजना " भूमि बचाओ अभियान " की सभी ओर से सराहना की जा रही है।

विदेशों में स्थापित हमारे संयुक्त उद्यमों की प्रगति तथा कार्य भी प्रशंसनीय है । आईसीएस के उत्पादन कार्यनिष्पादन में और सुधार हुआ है । जिफको, लीजेंड इंक. आस्ट्रेलिया, ग्रोमैक्स, अमेरिकाज पेट्रोगैस इंक का कार्य भी प्रगति पर है ।

**Dr. U.S. Awasthi**
Managing Director

IFFCO

वर्ष 2010-11 के दौरान इफको को अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया है जो सभी मोर्चों पर समिति के उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन का प्रमाण है । हमारी 35 वर्ष पुरानी कलोल इकाई को वर्ष 2009-10 के लिए नाइट्रोजन की ऑपरेटिंग (अमोनिया व यूरिया) उर्वरक इकाई का भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) का सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन पुरस्कार मिला है । इफको को एफएआई से "उन्नत कृषि प्रौद्योगिकी के अन्तरण के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन अवार्ड "भी प्राप्त हुआ । कलोल इकाई को भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का 2009 का सुरक्षा पुरस्कार "सर्टिफिकेशन आफ एप्रीसिएशन" भी प्राप्त हुआ है । हमारी फूलपुर इकाई को उर्वरक क्षेत्र में वर्ष 2009-10 के लिए ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रथम पुरस्कार तथा पर्यावरण व वन मंत्रालय से प्रदूषण नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है । इसी इकाई को वर्ष 2009-10 के लिए एफएआई के सर्वश्रेष्ठ समग्र कार्यनिष्पादन पुरस्कार के लिए उप-विजेता भी घोषित किया गया है। हमारी आंवला इकाई को वर्ष 2008-09 के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया "राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार " प्राप्त हुआ है । इसके अतिरिक्त,आंवला इकाई ने अन्तर्राष्ट्रीय उर्वरक संघ (आईएफए ) से सुरक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण (एसएचई ) पुरस्कार भी हासिल किया है तथा सर्वाधिक उपयोगी पर्यावरण परियोजना की श्रेणी में सीडीआर इकाई की स्थापना के लिए "सीआईआई एन्वायरन्मेंटल बैस्ट प्रैक्टिस अवार्ड, 2011" भी प्राप्त हुआ है । पारादीप इकाई ने भी पुरस्कार प्राप्त करने वाली इकाईयों की सूची में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है तथा इसने वर्ष 2009-10 के लिए ऊर्जा संरक्षण के लिए " सर्टिफिकेट ऑफ मैरिट" प्राप्त किया है । आंवला इकाई को वर्ष 2010 का ग्रीनटैक पर्यावरण श्रेष्ठता गोल्ड पुरस्कार तथा पारादीप इकाई को इसी श्रेणी में सिल्वर पुरस्कार प्राप्त हुआ । हमारे आईटी, वित्त तथा जनसम्पर्क विभागों को भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है तथा उनके शानदार कार्यनिष्पादन और नये-नये कार्यों की सराहना हुई है ।

इन उपलब्धियों से मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी समिति हर वर्ष अपने पुराने रिकार्ड को तोड़ते हुए अपनी कार्य संस्कृति को बनाए रखेगी तथा उर्वरकों के उत्पादन तथा विपणन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर के रूप में उभर कर आएगी और देशवासियों विशेषकर ग्रामीण समुदाय के जीवन स्तर में समग्र सुधार लाने के राष्ट्रीय मिशन में अपना महत्वपूर्ण

**Dr. U.S. Awasthi**
Managing Director

IFFCO

योगदान करती रहेगी। हमारे सभी लक्ष्य तथा उपलब्धियां अध्यक्ष महोदय और हमारे निदेशक मंडल के सतत सहयोग एवं मार्गदर्शन का नतीजा है ।

मैं, उर्वरक विभाग, कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय की ओर से समय-समय पर मिले बहुमूल्य सहयोग के लिए उनका भी हार्दिक रूप से आभारी हूं ।

**अंत में मैं, इस दिवस पर परम श्रद्धेय स्व0 श्री सुरेन्द्र कुमार जाखड़, पूर्व अध्यक्ष, जिन्होंने इफको के विकास में महत्वपूर्ण व उल्लेखनीय योगदान दिया, का पूर्ण श्रद्धा के साथ स्मरण करता हूं । आप सदैव हमारे दिलों में रहेंगें ।**

शुभ कामनाओं सहित,

आपका,

(उदय शंकर अवस्थी)

वितरणः
**इफको के सभी कर्मचारी**

प्रतिलिपिः

**अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष, इफको**
**इफको के निदेशक मंडल के सभी सदस्य**
**प्रबंध निदेशक,आईटीजीआई**
**मु0कार्य0अधि0 ओमइफको/मु0कार्य0अधि0-आईसीपीएल/मु0कार्य0अधि0-आईकेएसएल /मु0कार्य0अधि0-केआईटी/मु0कार्य0अधि0-आईकेएसईजैड/प्रबंध निदेशक अमेरिकाज पैट्रोगैस इंक/ प्रबंध निदेशक ग्रोमैक्स इंडस्ट्रीज/मु0कार्य0अधि0-जिफको/मु0कार्य0अधि0 आईएफएफडीसी, मु0कार्य0अधि0 (आईसीएस)/मु0कार्य0अधि0 (लीजेंड)**
**प्रबंध न्यासी- इफको फाउंडेशन/आईकेएसटी**

IFFCO

## वर्ष 2010-11के दौरान इफको के कार्यनिष्पादन की प्रमुख विशेषताएं*

## "Highlights of IFFCO's Performance During 2010-11*

| | |
|---|---|
| उर्वरकों का सर्वाधिक उत्पादन<br>**Highest Production of Fertilisers**<br>*(Previous best 81.98 lakh MT in 2009-10)* | **85.81 lakh MT** |
| यूरिया का सर्वाधिक उत्पादन<br>**Highest Production of Urea**<br>*(Previous best 43.23 lakh MT in 2009-10)* | **44.02 lakh MT** |
| एनपीके/डीएपी/एनपी का सर्वाधिक उत्पादन<br>**Highest Production of NPK/DAP/NP**<br>*(Previous best 38.74 lakh MT in 2009-10)* | **41.79 lakh MT** |
| उर्वरकों की सर्वाधिक बिक्री<br>**Highest Sales of Fertilisers**<br>*(Previous best 118.27 lakh MT in 2009-10)* | **125.86 lakh MT** |
| यूरिया की सर्वाधिक बिक्री<br>**Highest Sales of Urea**<br>*(Previous best 63.35 lakh MT in 2009-10)* | **68.22 lakh MT** |
| एनपीके/डीएपी की सर्वाधिक बिक्री<br>**Highest Sales of NPK/DAP**<br>*(Previous best 54.92 lakh MT in 2009-10)* | **57.64 lakh MT** |
| सर्वाधिक कर पूर्व लाभ<br>**Highest Profit Before Tax**<br>*(Previous best Rs. 807.09 crore in 2002-03)* | **Over Rs.1000 Cr.** |
| सर्वाधिक कर पश्चात लाभ<br>**Highest Profit After Tax**<br>*(Previous best Rs. 557.21 crore in 2002-03)* | **Over Rs.600 Cr.** |
| कारोबार<br>**Turnover**<br>*(Best Rs.32933.30 crore in 2008-09)* | **Over Rs.21000 Cr.** |
| सर्वाधिक संयंत्र उत्पादकता<br>**Highest Plant Productivity**<br>*(Previous best 1669 MT in 2005-06)* | **1712 MT per employee** |
| सर्वाधिक विपणन उत्पादकता<br>**Highest Marketing Productivity**<br>*(Previous best 7884 MT in 2009-10)* | **8604 MT per empioyee** |
| न्यूनतम कम्पोजिट ऊर्जा खपत<br>**Lowest Composite Energy Consumption**<br>*(Previous Lowest 5.832 Gcal / MT in 2009-10)* | **5.813 Gcal/ MT of Urea** |

***Provisional**